# Jagran

## Bhandirakshak written examination date has not been set

संवाद सहयोगी, पिथौरागढ़: एक वर्ष पूर्व शुरू हुई बंदीरक्षक भर्ती प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है। प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार कर रहे युवाओं में अब आक्रोश गहरा रहा है।

बुधवार को जिला मुख्यालय में हुई बैठक में युवाओं ने कहा कि अधीनस्थ चयन सेवा आयोग के माध्यम से प्रदेश में रिक्त पड़े बंदीरक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए अक्टूबर 2015 में भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी, जून 2016 में शारीरिक परीक्षा कराई गई, लेकिन इसके बाद विभाग ने चुप्पी साध ली। केंद्र सरकार ने अब छह माह के भीतर तैनाती दिए जाना अनिवार्य कर दिया है, लेकिन उत्तराखंड में एक वर्ष बाद भी भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। इसका खामियाजा बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। अधिकांश युवा भर्ती के लिए निर्धारित आयु सीमा पार करने के कगार पर हैं। युवाओं ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी नहीं की जाती है तो जिले के युवा सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगे। बैठक में बसंत भट्ट, खिलानंद जोशी, प्रकाश शर्मा, घनश्याम शर्मा, सूरज भट्ट, सुनील कुमार, नवीन सुतेड़ी, सुनील मिश्रा सहित तमाम युवा मौजूद थे।